मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-244
28/07/2019

सारण में तालाब में डूबने से सात बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 28 जुलाई 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोइला गॉव के तालाब में नहाने के दौरान डूबने से सात बच्चों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस घटना से मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने तत्काल मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को बरसात के मौसम में जलजमाव वाले क्षेत्रों में जाने से रोकें। बच्चों की हिफाजत पर विशेष ध्यान दें ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

******